राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

राज्यपाल श्री बागडे से कश्मीर के छात्र प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की आत्मा है कश्मीर—राज्यपाल

जयपुर, 29 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से गुरुवार को लोकभवन में भारत दर्शन के अंतर्गत कश्मीर के छात्र प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। राज्यपाल ने इस दौरान प्रतिनिधिमंडल से संवाद करते हुए कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की आत्मा है कश्मीर। विविधता में एकता लिए भारत की संस्कृति प्रांतों की परम्पराओं, वहां के ऐतिहासिक स्थलों और प्रकृति से जुड़ी हुई है।

उन्होंने कहा कि 'भारत दर्शन' का अर्थ ही है, एक भारत श्रेष्ठ भारत से साकार होना। उन्होंने कश्मीर के इतिहास, संस्कृति और वहां की परम्पराओं को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह भारत की आत्मा है। हम सभी मां भारती के लिए सोच रखते हुए कार्य करें।

दसवीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, श्रीनगर के साथ आए इस 'भारत दर्शन' प्रतिनिधिमंडल में कश्मीर के श्रीनगर, पुलवामा, बारामुला, कुपवाड़ा आदि क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने राज्यपाल श्री बागडे से यात्रा और भारतीय संस्कृति को लेकर अपने अनुभव भी साझा किए। राज्यपाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

———

SSB
भारत दर्शन
10वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, श्रीनगर (जम्मू व कश्मीर)